कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन, 6वॉ तल उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2020/ लखनऊःदिनांक 23 अप्रैल, 2020

यू0पी0 नीट पी0जी0–2020 की प्रथम चक्र की ऑन लाईन कांउसिलिंग हेतु पंजीकरण एवं सिक्योरिटी धनराशि के संबंध में आवश्यक सूचना।

- इस कार्यालय द्वारा प्रथम चक्र हेतु निर्गत यू0पी0 नीट पी0जी0 2020 की समय सारिणी में पंजीकरण की अन्तिम तिथि 23.04.2020 की अपरान्ह 2:00 बजे तक निर्धारित की गयी थी। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने ऑज दिनांक 23.04.2020 तक पंजीकरण शुल्क जमा कर दिया गया है किन्तु बैंक एवं एन0आई0सी0 के डाटा पर अपडेट न होने के कारण इन अभ्यर्थियों के पंजीकरण धनराशि बैंक एवं एन0आई0सी0 के सर्वर पर अपडेट होने के उपरान्त दिनांक 24.04.2020 को अपरान्ह 2:00 बजे तक पंजीकरण करा सकते है।

- प्रथम चक्र की ऑन–लाईन कांउसिलिंग के अन्तर्गत ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने आज दिनांक 23.04.2020 तक अपना पंजीकरण शुल्क जमा नही किया है, वह पंजीकरण प्रकिया पूर्ण नही कर सकेगें।

- ऐसे पंजीकृत अभ्यर्थी जिन्होने सिक्योरिटी धनराशि अभी तक नही कर सके है, वह दिनांक 24.04.2020 को मध्य रात्रि 12:00 बजे तक सिक्योरिटी धनराशि जमा कर सकते है।

- **ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा पंजीकरण एवं धरोहर धनराशि निर्धारित समय सीमा तक जमा नही की गयी है, वह प्रथम चक्र की कांउसिलिंग हेतु अर्ह नही है।**

- इस कार्यालय द्वारा प्रथम चक्र की ऑन–लाईन कांउसिलिंग निर्गत यू0पी0 नीट पी0जी0 2020 की समय सारिणी के अनुसार मेरिट घोषित करने की सम्भावित तिथि 24.04.2020 हेतु निर्धारित की गयी थी। अतः उक्त को दृष्टिगत रखते हुये मेरिट घोषित करने की तिथि **26.04.2020** निर्धारित की जाती है।

- ऑन–लाईन च्वाईस फिलिंग, परिणाम एवं आवंटन पत्र डाउनलोड तथा प्रवेश की तिथि इस कार्यालय द्वारा निर्गत प्रथम चक्र की ऑन–लाईन कांउसिलिंग की समय सारिणी यथावत् रहेगी।
- **ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने प्रथम चक्र की कांउसिलिंग हेतु पंजीकरण शुल्क जमा करते हुये पंजीकरण करा लिया है एवं राज्य की प्रथम चक्र की काउंसिलिंग में प्रतिभाग नही करते है अथवा किन्ही कारणों से सम्मिलित नही हो पा रहे है, वह प्रदेश की द्वितीय**

चक्र की कांउसिलिंग हेतु अर्ह माने जायेगें, उन्हे द्वितीय चक्र की कांउसिलिंग हेतु पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नही है।

- ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने प्रथम चक्र की काउंसिलिंग में किसी कारणवश पंजीकरण नही कराया है, अथवा प्रथम चक्र की कांउसिलिंग में प्रतिभाग नही कर सकते है और वह द्वितीय चक्र की कांउसिलिंग में प्रतिभाग करना चाहते है, तो वह द्वितीय चक्र की कांउसिलिंग हेतु जारी की जाने वाली समय–सारिणी के आधार पर पंजीकरण करा कर काउसिलिंग में प्रतिभाग कर सकते है।

- ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम संन्तोष मेडिकल कालेज गजियाबाद (सत्र 2007 के पश्चात् प्रवेशित) अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वराणसी, जे0आई0पी0एम0ई0आर, ऑल इण्डिया इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंस (एम्स) से उत्तीर्ण अभ्यर्थी उ0प्र0 राज्य के सीटों (स्टेट कोटा) हेतु अर्ह नही है, किन्तु उ0प्र0 में स्थापित निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेज/विश्वविद्यालय की सीटों हेतु अर्ह है।
- अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट ***https://upneet.gov.in &*** ***www.updgme.in*** पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक